एनईपी-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका अहम : कुलपति

बोधगया। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 संवेदीकरण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न हो गया। आनलाइन आयोजित इस कार्यक्रम में नौ राज्यों के 180 से अधिक शिक्षकों एवं प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।समापन सत्र के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तवने कहा कि एनईपी-2020 भारत में ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था और सशक्त उच्च शिक्षा व्यवस्था विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, रोजगारपरक दक्षता एवं शोध को बढ़ावा देनेपर जोर दिया।सीयूएसबीके कुल. पति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि एनईपी का उद्देश्य केवल पाठडक्रम में बदलाव करना नहीं, बल्कि इसकी मूल भावना और उद्देश्यों को कक्षासे समुदाय तक पहुंचाना है। विनोबा भावे विश्वविद्यालयके कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा ने मातृभाषा आधारित शिक्षण, समान अवसर, व्यावसायिक शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचारको उच्च शिक्षाके विकास का आधार बताया। उद्घाटन सत्र में पूर्व कुलपति प्रो. एसए कोरी ने एनईपी के प्रभावी क्रियान्वयन, शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण और बहुविषयक शिक्षा पर विचार रखे। कार्यक्रमका संचालन डा. प्रज्ञा गुप्ता एवं डा. निशा सिन्हा ने किया। एमएमटीटीसीके निदेशक प्रो. तरुण कुमार त्यागी ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं रिपोर्ट प्रस्तुत की। अंतमें प्रो. मृत्युंजय प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

पारिवारिक कलह से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर दी जान

डुमरिया (ससू)। मैगरा थाना क्षेत्र के सेवरा पंचायत अंतर्गत सेवरा राजबिकुआ गांव में शुक्रवारकी रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गांव निवासी जितेंद्र भुइयां (25 वर्ष) के रूपमें हुई है। घटना के बाद गांवमें मातम पसरा हुआ है। छठ महापर्व के बीच हुई इस घटना से ग्रामीण स्तब्ध हैं।

मिली जानकारीके अनुसार, जितेंद्र भुइयां की पत्नी कुछ दिनों से अपने मायके गई हुई थी। बताया जा रहा है कि इसी बातको लेकर वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। पारिवारिक कलह और आपसी विवादके कारण वह काफी विचलित था। शुक्रवारकी रात उसने घरमें फांसीके फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। घटनाकी जानकारी मिलते ही आसपासके ग्रामीणोंकी भीड़ जुट गई। युवक की मौत की खबर सुनकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, घटनाकी सूचना मिलने पर मायके से पहुंची पत्नी पतिका शव देखकर बेहोश हो गई। परिजनों और ग्रामीणोंने किसी तरह उसे संभाला। घटनाकी सूचना मिलनेपर मैगरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कालेज अस्पताल, गया भेज दिया।इस संबंध में पुलिस अवर निरीक्षक निरंजन पासवान ने बताया कि प्रार्रंभिक जानकारीके अनुसार पारिवारिक कलहके कारण युवकने आत्महत्या की है। पुलिस पूरे मामलेकी जांच कर रही है।

विश्व मधुमेह दिवसपर नि:शुल्क जांच शिविर में 165 लोगों की हुई शुगर-बीपी जांच

गयाजी। विश्व मधुमेह दिवस 2026 के अवसर पर शनिवार को गांधी मैदान में भारतीय चिकित्सा संघ, गया जी शाखा, एपीआई मगध एवं सीसीडीएसआई के संयुक्त तत्वावधानमें नि:शुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच शिविर लगाया गया। इसमें लगभग 165 लोगों की जांच की गई। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा. ए. एन. राय ने लोगों को मधुमेह के कारण, लक्षण एवं उपचार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संत. लित खानपान और नियमित दिनचर्या अपनाकर मधुमेह से बचाव किया जा सकता है।



समय-समयपर स्वास्थ्य जांच कराना भी जरूरी है। अन्य चिकित्सकों ने भी लोगों को जागरूक किया।शिविर में अध्यक्ष डा. विश्व विजय सिंह, सचिव डा विमलेन्दु विमल, डा प्रांशु कुमार, डा.अशोक कुमार सिंह, डा. डी. के. सहाय, डा. मृत्युंजय कुमार सिंह, डा. नीरज कुमार, डा रतन कुमार, डा. अमीता सिन्हा, डा. विनय कुमार जैन एवं डा. जितेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे। अंत में मधुमेह जागरूकता रैली गांधी मैदानसे निकलकर एपीआई गयाजी पहुंची। इसके बाद अध्यक्ष डा. विश्व विजय सिंह ने सभी चिकित्सकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

महाराष्ट्र में छठ पर्व का विरोध करनेवालों पर हो काररवाई

गयाजी। युवा जन आंदोलन मोर्चा के प्रदेश संयोजक डा आर एस नागमणि ने प्रदेश विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि महाराष्ट्रमें महाराष्ट्र नवनिर्माणके राज ठाकरे, शिवस. ेना उद्धव गुटके पार्टी और कार्यकर्ताओं द्वारा छठ महापर्व का विरोध करने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है।

इस संबंध में डाक्टर आर एस नागमणि ने कहा है कि छठ महापर्व हिंदू संस्कृति का परिचायक है और सदियों से यह परंपरा चलती आ रही है। महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों विशेष कर बिहारी, उत्तर प्रदेश और पूर्वांचलके लोगों द्वारा छठ महापर्व आस्था और सादगीके साथ मनाया जाता है। इसका विरोध कोई हिंदू तो नहीं कर सकता जो कर रहे हैं मनचले और हिंदू विरोधी मानसिकताके लोग हैं। रेलवे स्टेशनपर छठ गीत बजाने का विरोध, समुद्र किनारे और जुहू चौपाटी पर छठ करने का विरोध करने वाले मुठी भर लोग भारत के संस्कृति और अस्मितापर कुठार घात कर रहे हैं। डा आर एस नागमणि ने केंद्र सरकार और महाराष्ट्र सरकार से अभिलंब मांग किया है कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन पर उचित कार्रवाई किया जाए।

हर्बालाइफ मास्टर क्लास ट्रेनिंग संपन्न

बोधगया। बोधगया के एक होटल में बीते गुरूवार को हर्बालाईफ मास्टर क्लास ट्रेनिंग कार्य सुपन्न हुआ। इस दौरान एक पीड़ित व्यक्ति ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि मो. शकीकुद्दीन जिन्ना हूँ, और मेरी पत्नी का नाम ब्यूटी खातून है। मैंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया है। काम की व्यस्तता के कारण मैंने अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दिया, जिससे मेरा वजन बढ़ गया



और जीवनशैली से जुड़ी कई समस्याएं हो गईं। आखिरकार, मुझे अपनी नौकरी छोड़नी पड़ी। साल 2013 में मेरी जिंदगी तब बदल गई, जब मेरे कोच ने मुझे हर्बालाइफ के अवसर के बारे में बताया। एक संतुलित न्यूट्रिशन प्लान का पालन करके और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर, मैंने अपनी सेहत वापस पा ली, और मेरी पत्नी ने भी अपना आदर्श वजन हासिल कर लिया। हमारे इस बदलाव से प्रेरित होकर, हमने दूसरों को स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने के लिए, लाइफस्टाइल कोच के रूप में हर्बालाइफ के व्यवसाय को पूर्णकालिक फुल-टाइम अपनाने का फैसला किया। इस सफर के दौरान, हमने अक्टूबर 2025 में एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट्स टीम - 20ज्ञऔर सितंबर 2026 में सीनियर एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट्स टीम - 30ज्ञ का मुकाम हासिल किया। मैं अपने मेंटर, मो. इमरानुद्दीन खान को उनके निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग के लिए दिल से धन्यवाद देता हूँ। मौके पर ब्रजेश कुमार, संजय कुमार आदि शामिल थे।

छठ घाट को रंग बिरंगी रोशनी से जगमगाया,साफ सफाई भी पूरी

डुमरिया (ससू)। प्रखंड के नारायणपुर ,मैगरा,रजकेल,महुड़ी छठ घाटों को पुरी तरु सफ सफाई कर घाटों को सजाया गया।घाटों को रौशनी से पुरा सजाया गया है।रंग बिरंगी रौशनी से छठ घाट जगमगा रहा है।कैलाश प्रसाद,संतन प्रसाद,रविंद्र राम,आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि लोक आस्था का पर्व छठ महापर्व धूम धाम से मनानेको लेकर पुरी तैयरी कर ली गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार अंचलाधिकारी संजय कुमार थानाधक्ष्य राजू कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है।सभी घाटों पर सुरक्षाको लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है।शांति,सौहार्द से लोगों से पर्व मनाने की आग्रह किया है।

OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER (MECH.)
IRRIGATION MECHANICAL DIVISION, DEHRI

Govt. of Bihar

EMAIL ID- eeimddehri2018@gmail.com

Short notice Quotation no - 10/2026-27

Quotation is being invited for submission of rates against Joint Inspection of Sone Barrage Indrapuri.

1. Designation and Address of the Inviting Authority: ExecutiveEngineer (Mechanical), Irrigation Mechanical Division, Dehri.

2. Date of Quotation Invitation: 06.11.2026

3. Last Date and Place for Submission of Quotation: 21.11.2026 upto 5:00 PM on Office of the Executive Engineer(Mech) Irrigation Mechanical Division, Dehri.

4. Date and Time of Opening of Quotation: 23.11.2026 on 3:30 PM at Office of the Executive Engineer (Mech) Irrigation Mechanical Division,Dehri.

SL.	ITEM OF WORK	UNIT	RATE	AMOUNT	QUOTED Specification/ REMARKS
1	Complete Renovation of Control room of Sone Barrage Indrapuri size approx. - 750 sq. ft. by Replacement of old aluminium & glass partition, Thermocol false ceiling with new plan arrangement of uPVC framed modular partition, 5mm toughened, tinted, Frosted glass, Upvc framed glass doors & heavy duty ss lock and door closer, roller type window blinder, EPDM glazing rubber gasket Suspended BWP Grade IS 710 , as per IS 17953:2023. GI T-Grid Framework + Mineral Fibre Acoustic tile with thickness 16-20 mm false ceiling, Ceiling channels & hanger having decorative finish with proper glare free & uniform Led panel Lighting Arrangement on false ceiling door and providing-fixing commercial-grade vitrified floor anti-slip tiles on entire floor with rearrangement of main control panel with cabling and wiring as per specification and direction of E/I.	EACH			
2	S/F/F of 65 inch LED SMART TV screen of high resolution 4K UHD having aspect ratio 16:9, minimum 400 nits brightness, RJ45, USB & minimum 03 HDMI ports on Control Room complete job as per specification and direction of E/I. (Defect Liability period of 02 yrs.)	EACH			
3	S/F/F of 15inch HMI of Control Panel – compatible with installed scada system including removal of old ones complete job as per specification and direction of E/I. (Defect Liability period of 02 yrs.)	EACH			
4	S/F/F of VRV/VRF type inverter based indoor and outdoor unit of 06 TR A.C. with minimum 05 indoor, 04 way cassette unit for entire control room of size approx.-750 sq.ft. including all accessories and Labour complete job as per specification and direction of E/I. (Defect Liability period of 02 yrs.)	EACH			
5	S/F/F of RO (RO+UF+TDS Control +UV LED tank) of 20LPH flow with stainless steel Water Cooler with 40 Ltr. Storage tank having two tap each for resp. normal & cold water including all accessories and Labour complete job as per specification and direction of E/I. (Defect Liability period of 02 yrs.)	EACH			
6	S/F/F of Single Seater FRP Western type Portable Washroom having 1200mmx1200mmx2200mm external dimension, Minimum 3mm FRP wall thickness with door having arrangement to connect with existing waste tank with suitable piping arrangemnt& 1000 Ltr water tank, wash basin(outer side), toilet basin including all accessories and Labour complete job as per specification and direction of E/I. (Defect Liability period of 02 yrs.)	EACH			
7	S/F/F of 360 Degree Panoramic IP CCTV High Resolution Network Camera of minimum 01 KM surveillance coverage, having minimum 12 MP resolution, 360° panoramic field of view, True Day/Night functionality with IR illumination range of minimum 120 metre or better, minimum IP67 weatherproof protection, IK10 vandal -resistant housing, WDR (120 dB or better), 3D DNR, H.265/H.265+ video compression, ONVIF Profile S/T compatibility, 10/100/1000 Mbps Ethernet Port (RJ45), PoE/PoE+ support, electronic image stabilization, motion detection, privacy masking, surge and lightning protection, suitable outdoor mounting arrangement, complete with compatible NVR/VMS, 8 TB Surveillance Grade HDD storage (expandable) or at 01 month storage , required SMPS/PoE with complete assembly as per specification and direction of E/I. (Defect Liability Period of02 years.)	EACH			
8	S/F/F of High Resolution Long Range IP CCTV Network Camera of minimum 200 metre surveillance coverage, having minimum 4 MP resolution, motorized varifocal lens with optical zoom and autofocus facility, True Day/Night functionality with IR illumination rang e of minimum 120 metre or better, minimum IP67 weatherproof protection, IK10 vandal -resistant housing, WDR (120 dB or better), 3D DNR, H.265/H.265+ video compression, ONVIF Profile S/T compatibility, 10/100/1000 Mbps Ethernet Port (RJ45), PoE/PoE+ support, motion detection, privacy masking, surge and lightning protection, suitable outdoor mounting arrangement, complete with compatible NVR/VMS, 4 TB Surveillance Grade HDD storage (expandable) or at 01 month storage, required SMPS/PoE complete assembly and direction of E/I. (Defect Liability Period of 02 years.)	Each			
9	S/F/F of New Spring Loaded Guide Shoe of complete Set including removal of jammed/damaged Spring Loaded Guide Shoe complete job as per sample as per specification and direction of E/I. (Defect Liability period of 03 yrs.)	EACH			
10	S/F/F of new Shaft Coupling Bearing no 6210 including removal of old ones of WPLC gate complete job as per specification and direction of E/I. (Defect Liability period of 03 yrs.)	EACH			
11	S/F/F of new Spring Loaded and Electrically released Electro Magnetic Brake rated voltage of 220/230 AC for 3HP Motor, Electric wire rope gate by removing old damaged Hydraulic Brake of WPLC gate complete job as per specification and direction of E/I. (Defect Liability period of 02 yrs.)	EACH			
12	S/F/F of new Metallic Optic Fibre Box of dimension 580mmx480mmx280mm by removing old damaged Optic Fibre Box of local Panel complete job as per specification and direction of E/I. (Defect Liability period of 02 yrs.)	EACH			
13	S/F/F of Surge Protector Device of Imax 40kA, 415 Volt on local Panel complete job as per specification and direction of E/I. (Defect Liability period of 02 yrs.)	EACH			
14	S/F/F of Walkie Talkie of range 2.5 km with complete accessories for Sone Barrage Indrapuri complete job as per specification and direction of E/I. (Defect Liability period of 02 yrs.)	EACH			
15	S/F/F of atleast 8 km range electronic programmable warning Siren with adjustable remote control facility and LED visual warning indicator and having minimum 03 different alarm tone and compatible with existing PLC, complete accessories for Sone Barrage Indrapuri complete job as per specification and direction of E/I. (Defect Liability period of 02 yrs.)	EACH			
16	S/F/F of Portable Mega Phone with siren with complete accessories for Sone Barrage Indrapuri complete job as per specification and direction of E/I. (Defect Liability period of 02 yrs.)	EACH			

TERMS AND CONDITIONS:

1. The Rate quoted should be Exclusive of GST, Labour cess but Inclusive of all fitting,installation, wiring or other charges.
2. The submission of Rates under this quotation meant for preparation of Estimate only.
3. Quotation with condition will not be accepted.
4. For terms and conditions and special information related to the quotation, the undersigned office may be contacted during office hours.
5. Quotation will be accepted by registered post or on official Email id- eeimddehri2018@gamail.com or in the office of executive engineer (M), Irrigation Mechanical Division, Dehri.
6. Quotationer must attach photocopy of GST Registration and PAN Card with the quotation.
7. The undersigned reserves the right to accept/reject the quotation without assigning any reason.
8. Quotationer must submit quoted rate analysisand rate reference documents& relevant technical brochure.
9. Quotationer shall specify Make & Models in remarks column (wherever applicable)
10. The quotationer shall submit a certificate declaring that the rates quoted are the lowest prevailing market rates for the same or equivalent items.

For further details please visit website **state.bihar.gov.in/prdbihar**

Executive Engineer (Mech)
Irrigation Mechanical Division, Dehri

PR- 015279 (W R D) 2026-27 नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

प्रथम पृष्ठ का शेष

प्रत्यक्षदेव सूर्य को पहला...

किया। ऐसे भी व्रती हैं, जिन्होंने अपनी परंपरा के अनुरूप षष्ठी देवी को अरवा चावल का भात और चने की दाल अर्पित किया गया। षष्ठी देवी को अर्पण के बाद व्रतियों ने उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इसके पहले व्रती सूर्योदय के पहले से ही निर्जला उपवास पर थे। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती छत्तीस घण्टे के निर्जला उपवास पर चले गये। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के लिए व्रतियों के घरों पर देर रात तक श्रद्धालु नर-नारियों की गहमा-गहमी रही। इनमें सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु थे। खरना को लोहंडा भी कहा जाता है। इसका प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालु अपने आपको धन्य मान रहे थे।

चार दिवसीय लोकपर्व के तीसरे दिन व्रती नदियों, सरोवरों, झीलों एवं अन्य पवित्र जलस्रोतों में सामूहिक रूप से पानी में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ देंगे। देवी-देवताओं में सूर्य एकमात्र ऐसे देव हैं, जो हर दिन प्रत्यक्ष रूप से दर्शन देते हैं। इसीलिए, उन्हें प्रत्यक्षदेव कहा जाता है। सूर्य अक्षय ऊर्जा के स्रोत है। वही सृष्टि का कल्याण करते हैं। इसे महज संयोग ही कहेंगे कि उन्हें पहला अर्घ उन्हीं के दिन रविवार को पड़ेगा। रविवार को सूर्य का दिन कहा गया है। इस दिन का नाम भी सूर्य के नाम पर ही है। सूर्य का एक नाम रवि है।

अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ देने के लिए आने वाले व्रतियों के स्वागत में घाट पूरी तरह से तैयार हैं। उन्हें डुबकी देने के लिए जलस्रोत निर्मलता का एहसास करा रहे हैं। राजधानी पटना के गंगाघाटों सहित राज्य भर में सभी प्रमुख नदियों के घाटों पर व्रतियों एवं उनके साथ आने वाले परिजनों की सुविधा के लिए छठ पूजा समितियां सक्रिय होकर प्रशासन को सहयोग कर रही हैं। राजधानी सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में सूर्यदेव की मूर्ति भी लगायी गयी है। बहरहाल, सोमवार को उदयाचल सूर्य को अर्घ देने के बाद व्रतियों का छत्तीस घण्टे का निर्जला उपवास पारण के साथ समाप्त होगा। इसके साथ चार दिवसीय लोकपर्व का समापन होगा।

खैर, छठ के महात्म्य का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पुराणों के अनुसार सूर्य स्वयं भगवान् का रूप हैं। विष्णु सहस्रणाम् के 38वें श्लोक में कहते हैं - अह: संवर्तको वह्निरनिलो धरणीधर:। अर्थात् विष्णु ही सूर्य रूप से दिन के प्रवर्तक हैं। हवा और अग्नि भी वही हैं। श्रीमद्भागवत महापुराण में सृष्टि की उत्पत्ति के संबंध में बताया गया है कि विराट् पुरुष से सूर्य प्रकट हुए। ब्रह्मवैवर्त पुराण में हिमालय शिव की स्तुति करते हुए कहते हैं कि सूर्य आप ही हैं। इस तरह हम सूर्य को आदिदेव कहते हैं। इनकी आराधना करते हैं। श्रीमद्भागवत के मुताबिक मायापति भगवान् को जब एक से अनेक होने की इच्छा हुई तो उन्होंने अपने स्वरूप में काल, कर्म और स्वभाव को स्वीकार किया। जिससे तीन प्रकार के अहंकार - वैकारिक, तैजस और तामस-उत्पन्न हुआ। वैकारिक अहंकार से मन और इन्द्रियों के दस अधिष्ठात्री देवताओं की उत्पत्ति हुई। उनके नाम हैं - दिशा, वायु, सूर्य, वरुण, अश्विनी कुमार, अग्नि, इन्द्र, विष्णु, मित्र और प्रजापति। पद्मपुराण में वर्णन आता है - वैशम्पायनजी के पूछने पर व्यासजी कहते हैं कि सूर्य ब्रह्म के स्वरूप से प्रकट हुआ। यह ब्रह्म का ही उत्कृष्ट तेज है। यह धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष - चारों पुरुषार्थों को देनेवाला है। सूर्य ने ही लोकों का उत्पादन और पालन किया है। सबके रक्षक होने के कारण इनकी समानता करने वाला कोई नहीं है। सन्ध्योपासना के समय ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मण अपनी भुजाओं को ऊपर उठकर सूर्यदेव का उपस्थान करते हैं और समस्त देवताओं द्वारा पूजित होते हैं। सूर्य की उपासना करने से मनुष्य सभी रोगों से छुटकारा पा जाता है और वह अंधा, दरिद्र, दु:खी और शोकग्रस्त नहीं होता है। श्री विष्णु सहस्रणाम् के 107 वें श्लोक से और स्पष्ट होता है कि आकाश में गमन करने वाले, स्वयं प्रकाश स्वरूप, सुंदर रुचि और कान्ति वाले, यज्ञ में हवन की गई वस्तुओं का भक्षण करने वाले, सर्वव्यापी, रवि, सर्वत्र प्रकाश फैलाने वाले, सूर्य, सविता, रविलोचन - ये सब विष्णु के नाम हैं। इस तरह स्पष्ट है कि सूर्य भगवान् श्री हरि के ही अंश हैं ब्रह्मवैवर्त महापुराण के अनुसार अपने भक्तों को प्रत्यक्ष दर्शन देनेवाली तथा सबके लिए सम्पूर्ण कार्यों में पूजा प्राप्त करने की अधिकारिणी तथा स्वामी कार्तिकेय की प्राणप्रिया देवी ही षष्ठी देवी हैं। इसीलिए इन्हें छठ मैया भी कहते हैं। महाराज प्रियव्रत ने षष्ठी देवी की आराधना की थी और इनके प्रासाद से यशस्वी पुत्र प्राप्त किया था।

मैट्रिक-इंटर सेंटअप परीक्षा का...

बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेंद्र नगर, पटना से 17 और 18 नवंबर को सुबह 10ः30 बजे से प्राप्त करनी होंगी। डीईओ कार्यालय ने इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है।दोनों परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित होंगी। प्रथम पाली सुबह 9ः30 से दोपहर 12ः45 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो से शाम 5ः15 बजे तक चलेगी।विद्यार्थियों को दोनों पालियों में प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त आरंभिक समय दिया जाएगा। स्पास्टिक, दृष्टिबाधित और वैसे दिव्यांग परीक्षार्थी जो स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, उन्हें लेखक रखने की अनुमति होगी।ऐसे परीक्षार्थियों को निर्धारित समय के अतिरिक्त प्रति घंटे 20 मिनट का क्षतिपूर्ति समय दिया जाएगा। बोर्ड के अनुसार, पूर्ववर्ती, कंपार्टमेंटल एवं इंप्रूवमेंट श्रेणी के विद्यार्थियों को सेंटअप परीक्षा में शामिल नहीं होना है। वहीं, सेंटअप परीक्षा में अनुपस्थित या अनुत्तीर्ण रहने वाले विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी नहीं किया जाएगा।

'नीतीश सेतु' और एनडीए की...

महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देना और बालिकाओं के लिए साइकिल-पोशाक योजना जैसे दूरदर्शी कदमों ने बिहार की सामाजिक और आर्थिक तस्वीर को पूरी तरह बदल कर रख दिया है।

इस ऐतिहासिक नामकरण के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की भूमिका और राजनीतिक परिपक्वता भी विशेष उल्लेख के योग्य है। भाजपा ने खुले दिल से नीतीश कुमार के राज्य निर्माण के भगीरथ प्रयासों को स्वीकारा है और उन्हें उसी उच्च श्रेणी का राजनेता माना है, जिसमें देश के महान पुरोधा गिने जाते हैं। राज्य के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता सम्राट चौधरी सहित अन्य शीर्ष नेताओं के समर्थन और प्रयासों से ही यह उपलब्धि साकार हो सकी है। सम्राट चौधरी और भाजपा नेतृत्व ने यह साबित कर दिया है कि वे विकास के नायकों का सम्मान करना जानते हैं।

गठबंधन में रहते हुए भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री के कार्यों को यह ऐतिहासिक सम्मान देना, दोनों दलों के बीच आपसी विश्वास और बिहार के प्रति उनके साझा संकल्प को दर्शाता है।भौगोलिक दृष्टि से, छह लेन वाला यह महासेतु राजधानी पटना को सीधे वैशाली और उत्तर बिहार से जोड़ेगा, जिससे यातायात सुगम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। आने वाले समय में, जब भी कोई यात्री गंगा नदी को पार करते हुए गांधी, जेपी और राजेंद्र सेतु के साथ %नीतीश सेतु% से गुजरेगा, तो वह न केवल नदियों के दो किनारों के मिलन को देखेगा, बल्कि उस दूरदृष्टि को भी महसूस करेगा जिसने बिहार को एक नए युग में प्रवेश कराया। %नीतीश सेतु% अब केवल एक पुल नहीं, बल्कि बिहार के समग्र विकास और भाजपा-जदयू (राजग) की मजबूत साझेदारी का एक स्थायी स्मारक बन गया है।

बिहार में खुलेंगी 44 हाईटेक...

खेती हो रही है। नर्सरियों के जरिए गैर-चीनी मिल क्षेत्रों में भी गन्ने की खेती का विस्तार किया जाएगा। प्रस्तावित 25 नई चीनी मिलों की स्थापना और बंद पड़ी पुरानी मिलों को पुन: चालू करने के लिए पर्याप्त कच्चा माल (गन्ना) चाहिए।

ऐसे में इन नर्सरियों के जरिये किसानों को स्थानीय स्तर पर कम लागत में रोगमुक्त और उच्च गुणवत्ता वाले गन्ना बीज (पौधे) उपलब्ध कराए जाएंगे।

दूसरा उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर नर्सरी संचालन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाना और स्थानीय युवाओं व महिलाओं को रोजगार देना है।इन नर्सरियों को निजी-जन भागीदारी (पीपीपी) माडल पर विकसित किया जा रहा है। प्रगतिशील किसान, जीविका समूह, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), स्वयं सहायता समूह, निजी उद्यमी, चीनी मिलें और गुड़ उद्यमी इसके लिए पात्र हैं। पात्र आवेदक बिहार केन केयर पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एक नर्सरी पर कुललागत 15 लाख रुपये अनुमानित है। 44 नर्सरियों के लिए यह राशि 6.60 करोड़ रुपये बनती है।

सरकार 75 प्रतिशत तक अनुदान दे रही, जो अधिकतम 11.25 लाख रुपये प्रति नर्सरी है।नर्सरी की स्थापना और भौतिक सत्यापन के बाद गन्ना उद्योग विभाग द्वारा अनुदान राशि तीन किस्तों में जारी किए जाने का प्रावधान है।

विदेशी कारोबार में भारत का...

वहीं, इस दौरान भारत का आयात भी बढ़ा है. अक्टूबर में वस्तुओं का आयात 89.35 अरब डॉलर रहा. हालांकि, पिछले साल के मुकाबले वस्तुओं का व्यापार घाटा कम हुआ है. आइए समझते हैं कि अक्टूबर में भारत के विदेशी कारोबार की तस्वीर कैसी रही और किन क्षेत्रों ने निर्यात को मजबूती दी.वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर 2026 में भारत का वस्तु निर्यात सालाना आधार पर 45.06 फीसदी बढ़कर 49.47 अरब डॉलर हो गया. अक्टूबर 2025 में यह 34.11 अरब डॉलर था. यानी एक साल में भारत के सामानों की विदेशों में बिक्री में बड़ी बढ़ोतरी हुई है. वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि अक्टूबर में वस्तु निर्यात ने अब तक का सबसे ऊंचा मासिक स्तर हासिल किया है. साथ ही, पिछले पांच वर्षों में यह मासिक आधार पर सबसे ज्यादा 45.06 फीसदी की वृद्धि है.निर्यात के साथ भारत का आयात भी बढ़ा है. अक्टूबर 2026 में देश का वस्तु आयात 89.35 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले साल अक्टूबर में यह 76.69 अरब डॉलर था. हालांकि, व्यापार घाटे में कमी आई है. अक्टूबर 2026 में वस्तुओं का व्यापार घाटा 39.88 अरब डॉलर रहा, जबकि अक्टूबर 2025 में यह 42.58 अरब डॉलर था. दरअसल, जब किसी देश के आयात का मूल्य उसके निर्यात से ज्यादा होता है, तो दोनों के बीच के अंतर को व्यापार घाटा कहते हैं. अक्टूबर में निर्यात में तेज बढ़ोतरी के कारण इस घाटे में कमी देखने को मिली. अक्टूबर के विदेशी व्यापार आंकड़ों में सोने का आयात भी खास चर्चा में रहा. इस महीने सोने का आयात घटकर 5.51 अरब डॉलर रह गया, जबकि अक्टूबर 2025 में यह 14.72 अरब डॉलर था. यानी एक साल में सोने के आयात के मूल्य में काफी गिरावट आई है. यह बदलाव अक्टूबर के कुल आयात आंकड़ों वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर में भारत के निर्यात को कई क्षेत्रों से मजबूती मिली. इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं-पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक सामान, रत्न और आभूषण, ऑर्गेनिक और इनऑर्गेनिक केमिकल, इंजीनियरिंग सामान. इन क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन से भारत के कुल वस्तु निर्यात को बढ़ावा मिला. खास बात यह रही कि निर्यात में बढ़ोतरी किसी एक उद्योग या क्षेत्र तक सीमित नहीं रही. चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले सात महीनों में भी भारत के वस्तु निर्यात में अच्छी बढ़त दर्ज की गई है. वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल से अक्टूबर 2026 के बीच वस्तु निर्यात 309.06 अरब डॉलर रहा. पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि यानी अप्रैल-अक्टूबर 2025-26 में यह 253.40 अरब डॉलर था. इस तरह सालाना आधार पर वस्तु निर्यात में 21.96 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. इससे संकेत मिलता है कि अक्टूबर की रिकॉर्ड बढ़त के साथ-साथ पूरे वित्त वर्ष में भी भारतीय निर्यात की रफ्तार मजबूत बनी हुई है.

जमीन विवाद में घिरीं...

हटाए जाने के बाद भी ग्रामीणों का गुस्सा शांत नहीं हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी निजी जमीन पर अब भी कब्जा है और चारदीवारी बनाकर उसे घेर लिया गया है। उनका कहना है कि जब तक निजी जमीन को कब्जे से मुक्त नहीं कराया जाता, तब तक विवाद का समाधान नहीं होगा।

इस मामले में मैथिली ठाकुर के खिलाफ चुनाव लड़ चुके आरजेडी नेता विनोद मिश्रा ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कुछ ग्रामीणों की जमीन पर कब्जे के आरोप लगाते हुए जमीन का विवरण सामने रखा है। विनोद मिश्रा के मुताबिक, गगन मिश्रा की 12 धुर, चंद्र मोहन मिश्रा की 27 धुर और राम उदगार मिश्रा की एक कट्ठा जमीन पर कब्जे का आरोप है। वहीं, श्रवण कुमार मिश्रा की जमीन के बगल से मिट्टी काटे जाने के कारण उनकी जमीन को नुकसान पहुंचने की बात भी कही गई है। विनोद मिश्रा ने मैथिली ठाकुर को नसीहत देते हुए कहा कि एक गायिका के तौर पर उन्होंने काफी प्रतिष्ठा हासिल की है और लोगों के दिलों में उनके प्रति सम्मान है। ऐसे में उन्हें जनभावनाओं को समझते हुए स्थानीय स्तर पर विवाद का समाधान करना चाहिए।

जिन लोगों की जमीन पर कब्जे का आरोप है, उन्हें उनकी जमीन वापस मिलनी चाहिए।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रो